# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

## विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 21.07.2016 का कार्यविवरण

विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 21.07.2016 को सायं 5.00 बजे प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही –

| | | |
|---|---|---|
| 01. | प्रो0 अंजिला गुप्ता, कुलपति | अध्यक्ष |
| 02. | प्रो0 जे.एस. दांगी | सदस्य |
| 03. | प्रो. एस.पी. सिंह | सदस्य |
| 04. | प्रो0 अनुपमा सक्सेना | सदस्य |
| 05. | प्रो0 पी.के. बाजपेयी | सदस्य |
| 06. | प्रो. मुकेश कुमार सिंह | सदस्य |
| 07 | प्रो. विशन सिंह राठौड़ | सदस्य |
| 08. | प्रो0 एल.पी. पटैरिया | सदस्य |
| 09. | डॉ0 रश्मि अग्रवाल | सदस्य |
| 10. | डॉ0 एम.सी. राव | सदस्य |
| 11. | प्रो. बी.एन. तिवारी | सदस्य |
| 12 | प्रो0 मनीष श्रीवास्तव, | सदस्य |
| 13 | डॉ0 राकेश पाण्डेय | सदस्य |
| 14 | श्री एच.एन. चौबे, कुलसचिव (कार्यवाहक) | सचिव |

विद्यापरिषद् के स्थायी समिति की बैठक विश्वविद्यालय में हो रहे प्रवेश कार्य को दृष्टिगत रखते हुए कतिपय आवश्यक विषयों पर चर्चा हेतु आहूत की गई। समिति के समक्ष निम्नलिखित विषयों पर चर्चा हुई एवं निर्णय लिये गये –

**विषय क्र 1** **विश्वविद्यालय प्रवेश सूचना 2016–17 के अंतर्गत प्रवेश प्रदान करने की अंतिम तिथि में परिवर्तन पर विचार।**

विश्वविद्यालय के लगभग 20 पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्र/छात्राओं की संख्या एवं ऐसे पाठ्यक्रमों में प्रवेश की मांग को दृष्टिगत रखते हुए प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि जो दिनांक 15.07.2016 थी को आगे बढ़ाये जाने पर विचार किया गया।

विचारोपरांत निर्णय लिया गया कि विभिन्न अध्ययनशालाओं के अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में रिक्त स्थानों को भरे जाने हेतु प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि को दिनांक 29.07.2016 तक बढ़ाया जाय।

अंतिम तिथि बढ़ाये जाने पर केवल उन्हीं उम्मीद्वारों को प्रवेश हेतु अवसर प्रदान किया जाय जिन्होंने पूर्व में प्रवेश सूचना 2016–17 के विरूद्ध आवेदन प्रस्तुत कर दिया था एवं उनके आवेदन विभागों में उपलब्ध हैं।

यह भी निर्णय लिया गया कि ऐसे आवेदक अपने जमा आवेदन पत्रों को अन्य विभागों में स्थानांतरित करा सकते हैं जिन विभागों में अद्यतन सीट रिक्त है।

यह और भी निर्णय लिया गया कि जिन पाठ्यक्रमों /विभागों में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया अथवा नहीं किया गया है एवं सीट संख्या रिक्त है ऐसे विभाग प्रतीक्षा सूची में उपलब्ध उम्मीद्वारों को दिनांक 29.07.2016 तक पूर्व निर्धारित शर्तों के अधीन प्रवेश प्रदान कर सकते हैं।

.......................................................

यह और भी निर्णय लिया गया कि इस प्रक्रिया में नवीन आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

विषय क्र 02 **विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में संचालित पाठ्यक्रमों के समय सारणी में एकरूपता लाने पर विचार।**

विचारोपरांत निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय शैक्षणिक विभागों के सभी विभागों में अध्ययन /अध्यापन का कार्य प्रातः 8.00 बजे से लेकर सायं 6.00 बजे तक रहेगा। यह व्यवस्था विश्वविद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए की जा रही है। विश्वविद्यालय के सभी विभाग अपने समय सारणी को उपरोक्तानुसार अवधि में समायोजित करेंगे।

विषय क्र 03 **विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी संस्थान के पाठ्यकमों में प्रवेश हेतु रिक्त रह गये सीटों पर पुनः प्रवेश हेतु खुले काउंसलिंग कराये जाने पर विचार।**

विचारोपरांत निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी संस्थान के पाठ्यकमों में प्रवेश की प्रक्रिया JOSSA द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अधीन संपन्न करायी जाती है। अतः यदि JOSSA द्वारा खुली काउंसलिंग (Spot Admission) करने की अनुमति प्रदान की जाती है तो प्रौद्योगिकी संस्थान यह कार्य कुलपति महोदया से अनुमोदन प्राप्त करने के उपरांत संपन्न करा सकता है।

उक्त कार्य हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए कुलपति महोदया इस समिति की ओर से अधिकृत रहेंगी।

उपस्थित सदस्यों एवं अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात बैठक संपन्न हुई।

कुलसचिव (कार्यवाहक)/सचिव

कुलपति/अध्यक्ष